हरिभूमि
सरगुजा-भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 30 मार्च 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



### सेदम में प्रधानमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत बन रही सीसी सड़क

# सड़क निर्माण में भारी गड़बड़ी सीसी सड़क बनते ही आई दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही सड़क निर्माण के बाद जब लाखों की लागत से सीसी सड़क निर्माण शुरू हुआ तो अब गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। सेदम में बन रहे प्रधानमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत सीसी सड़क बनते ही दरारें पड़ना शुरू हो गया है। एकांकी मार्ग होने से दो पहिया वाहन चालकों आए दिन दुर्घटना का शिकार हो सकते है। निर्माण के बाद सीसी सड़क पर दरारें पड़ने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने सीसी सड़क की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों के विरूद्ध किए मांग की है।

**खास बात**
- ग्रामीणों ने गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण करने का लगाया आरोप


गुणवत्ताहीन सड़क।

ग्राम पंचायत सेदम में प्रधानमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत 200 मीटर की पक्की कांक्रीट सड़क का निर्माण 20 लाख की लागत से किया जा रहा है। सीसी सड़क का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से सेदम भंडार तक किया जाना है। ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीण आक्रोशित है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया सीसी सड़क निर्माण में बनते ही दरारें आ रही है। इस एकांकी मार्ग से बड़ी संख्या में लोग रोज आवागमन करते है जहां अधूरे निर्माण से कई बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो गए है। साथ ही साइड शोल्डर का निर्माण नहीं किया गया है और सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। यही वजह है कि आए दिन बाइक सवार फिसलकर गिर जाते है। यह मार्ग कई पंचायतों को जोड़ने के साथ-साथ राज्य ग्रामीण बैंक तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है। रोजाना नागरिकों के साथ अधिकारी भी इसी रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन घटिया निर्माण के चलते सभी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कच्ची सड़क होने के कारण बरसात के मौसम में आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पक्की सड़क निर्माण कराने लंबे समय से मांग की जा रही थी। सड़क निर्माण की स्वीकृत होने तथा निर्माण शुरू होने से कच्ची सड़क से निजात मिल जाने की आस जगी। इधर निर्माण में गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देने के कारण सीसी सड़क बने अभी कुछ दिन हुए है वहीं कई जगह सड़क पर दरारें पड़ना शुरू हो गई है। ऐसे में सड़क कितना मजबूर होगा यह आसानी से समझा जा सकता है।

**बरती जा रही लापरवाही**

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण स्थल पर सूचना पटल तक नहीं लगाया गया, जिससे लागत, निर्माण एजेंसी और कार्य अवधि की कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं है। इससे पूरे कार्य में पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता की अनदेखी कर मनमानी तरीके से काम किया जा रहा है, न सही ढंग से पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

**कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही सड़क का पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आगे और हादसे न हों। इसके अलावा ग्रामीणों ने इस एकांकी मार्ग में पक्की नाली का निर्माण कराने जाने की मांग की है जिससे रिहायशी क्षेत्र में लोगों को अच्छी सुविधा मिल सके। नाली के अभाव में घरों से निकला पानी सड़क में बहता है जिससे ग्राम स्वच्छता पर भी असर पड़ता है।

**गुणवत्ता पर ध्यान देने दिए गए हैं निर्देश**

ठेकेदार को सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान देने निर्देशित किया गया है। अच्छी सड़क को प्राथमिकता दी जाएगी, सड़क की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा।
-विपिन राज मिंज
ई प्रधानमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना

## रविन्द्रनगर में उधार की रकम वापस वसूलने को लेकर बढ़ा विवाद खूनी संघर्ष में बदला, काउंटर अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** रविंद्रनगर गांव में कुछ रुपये के उधार के लेन-देन के बढ़ा विवाद हिंसक झड़प में बदल गया,लाठी डंडे से हिंसक झड़प होने के बाद दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम रविन्द्रनगर निवासी प्रार्थी संजय मंडल जो शादी-पार्टी में कैटरिंग का काम करते हैं,उसने 25 मार्च को अपने पड़ोसी खोखन चौकीदार को 11 सौ रुपए उधार दिए थे,27 मार्च की रात जब संजय अपने पैसे मांगने पहुंचे, तो खोखन और उसके भाई ने पैसे देने से इनकार किया एवं गाली-गलौज कर वहां से उसे भगा दिया,28 मार्च की सुबह करीब 9.30 बजे गांव की किराना दुकान पर दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए,यहां विवाद ने दोबारा तूल पकड़ा और दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।कुछ देर पश्चात पुनः करीब दोपहर 12 बजे खोखन चौकीदार अपने परिवार और अन्य लोगों के साथ लाठी-डंडा और लोहे की रॉड लेकर स्कूल के पास पहुंचा और संजय मंडल व परिजनों पर हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए हैं,संजय मंडल को सिर, छाती और पीठ में चोटें आईं। बीच-बचाव कर रहे मृत्युंजय मण्डल के सिर पर गंभीर चोट लगी,वहीं रिभा मंडल, सौरभ और शिवम मंडल को भी शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आईं हैं। दूसरे पक्ष की तरफ से भी खोखन चौकीदार, बसंती चौकीदार, मंजीत चौकीदार सहित अन्य लोगों को चोट लगने की बात कही गई है।पुलिस ने दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर काउंटर अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 05 अप्रैल, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

## रामनवमी महोत्सव समिति ने निकाली भव्य राम दरबार शोभायात्रा



**रामानुजगंज।** रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति के नेतृत्व में निकली भव्य राम दरबार शोभायात्रा की शुरुआत प्राचीन हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों से गुजरते हुए आगे बढ़ी। भव्य राम दरबार की शोभायात्रा जैसे ही नगर की सड़कों से गुजरी तो जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शहर के विभिन्न वार्डों से निकली दर्जनों आकर्षक झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर झांकी अपनी अलग थीम, भव्य सजावट और जीवंत प्रस्तुति के कारण श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही थी। इन झांकियों ने धार्मिक कथाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

गांधी मैदान में देर रात तक चली भजन संध्या में वाराणसी और जबलपुर से आए कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि हर कोई भक्ति में डूब गया। लगभग 15 सौ से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। महिलाओं ने लगभग 6 किलोमीटर तक पैदल चलकर अपनी आस्था, श्रद्धा और उत्साह का परिचय दिया। रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति द्वारा राम दरबार सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें शहर के अलग-अलग वार्डों से 11 राम दरबार की झांकियां शामिल हुई। शोभायात्रा में शामिल झांकियों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले झांकियों को क्रमशः 41 हजार, 31 हजार और 21 हजार रुपए का नगद और शील्ड प्रदान किया गया वहीं शोभायात्रा में शामिल सभी झांकी दलों को सम्मान स्वरूप सांत्वना पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपए नगद और शिल्ड आयोजन समिति की ओर से प्रदान किया गया। बाबा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति वार्ड 1 को प्रथम, संगिनी महिला समूह को द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार श्री सत्य साईं ग्रुप वार्ड नंबर 5 को प्रदान किया गया।

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 08 अप्रैल, 2026, बुधवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 12 अप्रैल, 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS,DCH,DNB - शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS,DNB,Ortho - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले - MBBS,DCH,DNB - नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS,MS (General Surgeon) - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS,DNB,Ortho - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि - दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
9826183780,8224007799,9425583780,9406183780
8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

## इवनिंग वॉक के दौरान अज्ञात वाहन ने व्यवसाई को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में शनिवार की रात हुए एक सड़क दुर्घटना में स्थानीय व्यवसाई शेर बहादुर मिश्रा उर्फ सरई मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए,वे घर से इवनिंग वॉक के लिए निकले थे, तभी जीएम बंगला के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

- सिर में गंभीर चोट लगने से हायर सेंटर किए गए रेफर

बताया जा रहा है कि हादसे के बाद वे सड़क पर खून से लथपथ हालत में पड़े कराह रहे थे। उसी दौरान वहां से गुजर रहे कॉलोनीवासियों ने उन्हें पहचानकर परिजनों को सूचना दी और तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया,देर रात उन्हें अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके ब्रेन की सर्जरी की गई,फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।परिजनों के अनुसार, शेर बहादुर मिश्रा रोजाना की तरह राष्ट्रीय राजमार्ग की भीड़ से बचने के लिए एसईसीएल कॉलोनी स्थित जीएम बंगला क्षेत्र में टहलने जाते थे,इसी दौरान शनिवार को ऑफिसर्स क्लब के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।




## महुआ बिनने को लेकर हुए विवाद में पति-पत्नी के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** ग्राम जुड़वानी में रविवार की सुबह महुआ बिनने की बात पर आरोपी ग्रामीण ने पति व पत्नी दोनों के साथ मारपीट कर दी है,लटोरी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी संजय सिंह 45 वर्ष, निवासी ग्राम महेशपुर हाल मुकाम जुड़वानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 29 मार्च की सुबह करीब 8.30 बजे वह महुआ बीनने के काम को लेकर क्षेत्र में गया था,इसी दौरान आरोपी जागेश्वर कंवर निवासी जुड़वानी वहां पहुंचा और महुआ बिनने की बात पर प्रार्थी संजय सिंह के साथ गाली गलौज करते हुए पास में पड़े बांस के डंडे से हमला कर दिया,इस हमले में संजय सिंह के सिर और बाएं हाथ में चोट आई है,मारपीट के बीच बचाव में जब संजय सिंह की पत्नी पन्नेश्वरी बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे वह भी घायल हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपी जागेश्वर कंवर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296,351(3) व 115(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
- फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
- उठने बैठने में तकलीफ
- जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
- घुटनों में सूजन होना
- कंधे की ताकत कम होना
- कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
- सुबह जोड़ों में अकड़न होना
- चलने फिरने में दर्द

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 30 मार्च 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 प्रदेश को देश में सर्वोच्च स्थान दिलाने में साहू समाज की रहेगी अहम भूमिका : विष्णुदेव



## खबर संक्षेप

### विधायक ने किया नरसिंहपुर से चौरा मार्ग के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन

**राजपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इकाई राजपुर के अंतर्गत रविवार को नरसिंहपुर से चौरा मार्ग के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने किया। 11.9 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण का कार्य 2 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई या ग्रामीणों की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मारकाडाड और नरसिंहपुर के बीच महान नदी पर पुल निर्माण की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा वर्ष 2007 में की गई थी, जो किसी कारणों से पूर्ण नहीं हो पाई। अब उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से पुनः मांग की है, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है और शीघ्र ही उसका भी भूमिपूजन किया जाएगा। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, प्रवीण अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, बृजपाल सिंह, चौरा सरपंच बालकृष्ण सहित अन्य मौजूद थे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की गई जान

**अम्बिकापुर।** बसंतपुर चातरघटरा नाला के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की वाड्रफनगर अस्पताल में मौत हो गई जबकि दूसरे युवक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम मुरकौल निवासी रामरूप ओडके आ. राम सिंह (35 वर्ष) 28 मार्च को गांव के ही राजू के साथ बाइक से ससुराल ग्राम डूमर पान गया था। दोनों डूमर पान से वापस मुरकोल आ रहे थे और जैसे की बसंतपुर चातर घुटरा अजगर नाला के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां राजू की मौत हो गई। चिकित्सकों ने रामरूप की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### शराब के नशे में युवक ने खुद के घर में लगाई आग



**अंबिकापुर।** जिले के लुंड्रा असकला क्षेत्र में एक शराबी ने अपने ही घर को आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है की लुंड्रा के रघुनाथपुर चौक अंतर्गत असकला आमापारा निवासी नाथूराम पैकरा ने रविवार की शाम 4 बजे पारिवारिक विवाद के बाद शराब के नशे धुत होकर घर लौटा और फिर अपने ही घर को आग के हवाले कर दिया। गनीमत रही कि घटना के दौरान घर में कोई मौजूद नहीं था जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने दमकल को घटना की सूचना देने के साथ ही आग बुझाने का काम शुरू किया गया और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में आग से घर को काफी नुकसान पहुंचा है। फिलहाल घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एलाइंस एयर दिल्ली एवं कोलकाता के लिए चलाएगी सप्ताह में दो-दो दिन 72 सीटर फ्लाइट

# आज से शुरू होगी दिल्ली के लिए सपनों की उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे इंतजार के बाद सरगुजा को 72 सीटर हवाई जहाज के साथ दिल्ली एवं कोलकाता तक सीधी उड़ान की बहुप्रतीक्षित उपलब्धि मिली है। सोमवार को इस बहुप्रतीक्षित हवाई सेवा की शुरूआत होगी। जिला प्रशासन मां महामाया एयरपोर्ट प्रबंधन एवं सेवा प्रदाता एयरलाइंस एलाइंस एयर के अधिकारी-कर्मचारी तैयारियों का अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

**खास बात**

- लम्बे इंतजार के बाद सरगुजा वासियों को मिली गुणवत्तायुक्त हवाई सफर की सौगात

आवागमन सुविधाओं की दृष्टि से बेहद पिछड़े सरगुजा में लम्बे समय से महानगरों तक हवाई जहाज चलाने की मांग हो रही थी। शासन द्वारा इस दिशा में पहल करते हुए क्षेत्रीय उड़ान सेवा के तहत अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर के लिए 18 सीटर हवाई सेवा की सौगात दी गई तथा हवाई सेवा संचालन की जिम्मेदारी फ्लाई बिग को सौंपी गई थी। मनमानी तरीके से फ्लाइट संचालित करने के कारण क्षेत्रवासियों में यह सेवा लोकप्रिय ⏭ शेष पेज 4 पर




मॉ महामाया हवाई अड्डा दरिमा।

### कम हुआ किराया, और कमी की जरूरत

एलाइंस एयर ने अम्बिकापुर-दिल्ली फ्लाइट का किराया 9 हजार रूपए निर्धारित किया था तथा 27 मार्च से वेबसाइट के माध्यम से टिकट बुकिंग प्रारंभ भी कर दिया है। कुछ लोगों ने 9 हजार रूपए में दिल्ली तक सफर करने के लिए टिकट भी खरीदा है। शनिवार को इसकी जानकारी कलेक्टर अजीत बसंत को मिली तो उन्होंने एलाइंस एयर के अधिकारियों से चर्चा कर किराया कम करने के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर श्री बसंत की कई दौर की चर्चा के बाद एलाइंस एयर ने किराए में 3,000 हजार की कमी की है तथा दिल्ली का किराया 6 हजार 300 रूपए निर्धारित किया है। हालांकि प्रदेश सरकार भी एयरलाइंस को प्रतिघंटे 2.74 लाख की दर से खाली सीटों के लिए राशि भुगतान करने का करार किया है। एलाइंस एयर द्वारा निर्धारित किराए में और अधिक कमी करने की जरूरत महसूस की जा रही है। कम किराया होने पर अधिक यात्री सफर करेंगे जिससे एयरलाइंस की आय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा साथ ही सरकार को कम राशि का भुगतान करना पड़ेगा। हवाई सफर के लिए शासन द्वारा किए जा रहे भुगतान का सीधा लाभ सरगुजा वासियों को मिलेगा तथा शासन पर राशि भुगतान का दबाव भी कम होगा। कलेक्टर श्री बसंत की पहल इस दिशा में प्रभावी साबित हो सकती है।

### सुबह 10.35 बजे पहुंचेगी फ्लाइट

सोमवार को 72 सीटर फ्लाइट दिल्ली से बिलासपुर होते हुए सुबह 11.35 बजे अम्बिकापुर पहुंचेगी एवं अम्बिकापुर से दोपहर 12 बजे रवाना होगी तथा अपराह्न 2.40 बजे दिल्ली पहुंचेगी। बुधवार को फ्लाइट दिल्ली से सुबह 10.50 बजे पहुंचेगी तथा 11.35 बजे बिलासपुर के लिए रवाना होगी। बिलासपुर से फ्लाइट दोपहर 12 बजे रवाना होगी तथा अपराह्न 2.40 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसी तरह शनिवार एवं गुरूवार को अम्बिकापुर से कोलकाता की फ्लाइट का संचालन होगा। शनिवार को कोलकाता से बिलासपुर होते हुए फ्लाइट सुबह 9.20 बजे पहुंचेगी तथा 10 बजे बिलासपुर के लिए एवं 10.25 बजे बिलासपुर से रवाना होकर 12.15 बजे कोलकाता पहुंचेगी। गुरूवार को फ्लाइट सुबह 8.50 बजे पहुंचेगी वापस अम्बिकापुर पहुंचेगी तथा 9.15 बजे बिलासपुर के लिए तथा 10.20 बजे बिलासपुर से कोलकाता के लिए रवाना होगी तथा दोपहर 12.05 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

### बदला एयरपोर्ट का स्वरूप

दिल्ली एवं कोलकाता के लिए उड़ान सेवा प्रारंभ होने के पूर्व प्रबंधन ने एयरपोर्ट के स्वरूप में व्यापक बदलाव कराया है। प्रबंधन द्वारा एयरपोर्ट की साफ-सफाई कराने के साथ ही भवनों का आकर्षक रंग रोगन कराया गया है जिससे एयरपोर्ट अधिक आकर्षक लग रहा है। सोमवार से प्रारंभ हो रही हवाई सेवा के लिए प्रबंधन से विभिन्न विभागों में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 7 बजे के पूर्व सेवा पर मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

**बन रहा टिकट काउंटर**

एलाइंस एयर के अधिकारी-कर्मचारी 27 मार्च से एयरपोर्ट पर उपस्थित हैं तथा टिकट काउंटर सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने की मशक्कत कर रहे हैं। अधिकारी-कर्मचारियों ने एयरपोर्ट परिसर में टिकट काउंटर की तैयारियां पूरी कर ली है। हालांकि शाम तक एयरलाइंस की इंजीनियरिंग टीम नहीं आ सकी थी। टीम के देर शाम तक आवश्यक सामानों के साथ पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

**सीएम करेंगे वर्चुअल उद्घाटन**

अम्बिकापुर-दिल्ली उड़ान सेवा का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा राजीव गांधी पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में सोमवार को सुबह 10 बजे से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा हवाई सेवा के वर्चुअल शुभारंभ का प्रसारण किया जाएगा।

**सभी तैयारियां पूरी**

फ्लाइट संचालन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। छोटी-मोटी कमियों को दूर कर लिया गया है। एयरपोर्ट परिसर की व्यापक साफ-सफाई कराने के साथ ही भवनों का रंग-रोगन कराया गया है।

-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, मां महामाया एयरपोर्ट

## केंद्रीय जेल का प्रहरी सेवा से बर्खास्त मोबाइल फोन पर कर रखा था बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

केंद्रीय जेल अधीक्षक ने एक जेल प्रहरी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जेल अधीक्षक ने यह कार्रवाई जेल वार्ड से वायरल हुए वीडियो के बाद की है जिसमें प्रहरी मोबाइल फोन पर बात करते नजर आ रहा है। इसके साथ ही एक साथ मौके पर दो अटेंडर मौजूद है और नियम विरुद्ध तरीके से बाहर से सामान अंदर पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही इस मामले की जांच चल रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- आधे घंटे में तीन बार खुला गेट, सुरक्षा में लापरवाही आई सामने, कैदी को विशेष सुविधाएं प्रदान करने का मामला

बता दें कि 28 मार्च को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड का वीडियो वायरल हुआ था। इस वायरल वीडियो में जेल वार्ड में नियमों को ताक पर रखकर एक कैदी को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही थी। जेल वार्ड में अंदर मोबाइल फोन का उपयोग किया जा रहा था और कैदी के साथ एक से अधिक अटेंडर मौजूद थे। इस घटना की शिकायत मिलने के बाद केंद्रीय जेल के अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान यह बात सामने आई थी कि जेल में दो सुरक्षा गेट है लेकिन बाहर वाले गेट का ताला खुला हुआ था। ऐसे में तात्कालिक रूप से जेल अधीक्षक ने दो प्रहरियों जय प्रकाश कुजूर और लोकनाथ निषाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही मामले की जांच चल रही थी। जांच में यह बात सामने आई कि 3 वर्ष के कारावास के सजायाफ्ता कैदी 62 वर्षीय हरबख्श सिंह छाबड़ा को मनेंद्रगढ़ से 12 नवम्बर 2025 को भेजा गया था। इसके बाद बीमारी के कारण केंद्रीय जेल अस्पताल के डॉक्टर ने 23 मार्च को उपचार के लिए कैदी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था और कैदी को अस्पताल के जेल वार्ड में रखा गया था। इस दौरान चिकित्सक दवारा कैदी के नित्य क्रिया के लिए आने जाने हेतु एक अटेंडर दिए जाने की शिफारिश की गई थी जिसके बाद जेल अधीक्षक ने एक बार में एक अटेंडर की अनुमति दी गई थी लेकिन बाहर का भोजन पानी अलाऊ नहीं किया गया था। इसके साथ ही वायरल वीडियो में नजर आ रह अहै कि जेल प्रहरी मोबाइल फोन पर बात कर रहा है और एक साथ दो दो अटेंडर मौजूद है। आधे घंटे के अंदर तीन बार जेल वार्ड का ताला खुला जबकि कैदी के परिजन को बार बार आने जाने की अनुमति नहीं होती है। जेल वार्ड की सुरक्षा में लापरवाही पर जेल अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से प्रहरी जय प्रकाश कुजूर को सेवा से बर्खास्त कर दिया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है।

**की गई है कार्रवाई**

प्रहरी मोबाइल फोन पर बात कर रहा था इसके साथ ही अटेंडर को बार बार आने जाने की अनुमति नहीं है। एक साथ दो अटेंडर अलाऊ नहीं थे और ना ही बाहर का खाना लेकर जाने की अनुमति दी। जेल वार्ड में सुरक्षा में भारी चूक की गई इस लिए एक प्रहरी को बर्खास्त किया गया है और मामले की जांच चल रही है।

-अक्षय सिंह राजपूत
जेल अधीक्षक

## नकली सोना देकर ठगी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नकली सोना देकर दो लाख से अधिक ठगी करने के मामले में पुलिस को न सिर्फ बड़ी सफलता हाथ लगी बल्कि पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों के अलावा ठगी की गई कुछ राशि को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध ठगी का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

- पीतल का बिस्किट थमा कर ठग लिए थे 2 लाख रुपए

पुलिस के मुताबिक झिलमिली थाना अंतर्गत ग्राम दर्रीपारा निवासी बालरूप गुप्ता थाने में 16 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि होली के 4-5 दिन पूर्व ग्राम पपराखांड सावारांवा के सोनू द्वारा बताया गया कि 2 मोबाईल नंबर से उसके मोबाइल में फोन आता है। उस व्यक्ति के पास सोना है और खरीदने के लिए बोल रहा है। सोनू ने बोला ठीक है यह सोना खरीद लेगा चलो देखवा दो। 6 मार्च को सोनू के साथ सोना लेने के लिए सेम्पल देखने बिहारपुर नवाटोला गया था जहां 2 व्यक्ति मिले और जो सोना दिखाये उसी में से छोटा टुकडा सोना काट कर सोना का सैम्पल दिए। साथ ही दोनों व्यक्ति ने बालरूप का मोबाईल नंबर लेकर चले गए। बालरूप से और सोनू ने सोना के सैंपल को भैयाथान में सोनार के पास चेक कराया तो सोना असली था। सोना असली होने पर बातचीत करके 11 मार्च को 2 लाख 20 हजार रूपये लेकर एक व्यक्ति के साथ रेडीपहरी चौक ठाडपाथर थाना चांदनी में पहुंचा तो वहां पर वही दोनों व्यक्ति मिले जो कपड़े में लपेट कर पीतल को पीटवाकर सोने के बिस्कीट जैसा बनाकर असली सोना बता कर दिए और 2 लाख 20 हजार रुपये नगद दिया। सोना नकली होने पर बालरूप की रिपोर्ट थाना चांदनी में आरोपियों के विरूद्ध धारा 318(4), 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने धोखाधड़ी के आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना चांदनी पुलिस ने सोना खरीदने के लिए बहला-फुसला कर कमीशन लेने वाले आरोपी अर्जुन देवांगन व मोहन उर्फ सोनू को दबिश देकर पकड़ा।

पूछताछ के आधार पर आरोपी राजेन्द्र यादव व किशोरी लाल यादव को भी पकड़ा गया। पूछताछ पर चारों ने धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। आरोपियों के निशानदेही पर ठगी की रकम 1 लाख 24 हजार रूपये नगद बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से चारों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी चांदनी आरपी साहू, एएसआई क्षेत्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र सिंह पोर्ते, आरक्षक मंजीत कुमार, मंगलसाय, रूप प्रसाद राजवाड़े, मुकेश साहू व आलोक सिंह सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



जब्त रुपए व नकली सोना।

## मवेशी तस्करी के मामले में नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पशु तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चार नग मवेशी बरामद किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलत सोराजपुर लटोरी संबलपुर हाल मुकाम गांधीनगर हनुमान मंदिर रोड निवासी अमन प्रेम तिग्गा 28 मार्च की रात 11 बजे अपने दोस्तों के साथ सरगवां से वापस गांधीनगर की और लौट रहा था। इस दौरान सरगवां वाटर पार्क के पास एक महिंद्रा पिकप क्रमांक यूपी 25 जेटी 2549 को सड़क किनारे खड़ा कर वाहन में दो लोग पन्नी बांध रहे थे और वाहन में कुछ छिपाने का प्रयास किया जा रहा था। ऐसे में जब युवकों ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तो युवक गोलमोल जवाब देने लगे। युवकों ने जब पिकअप में लगे तिरपाल को हटाकर देखा गया तो अंदर चार नग मवेशियों को ठूंस ठूंसकर भरा गया था। ऐसे में उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने यूपी भौज्पुरा अभयपुर निवासी 41 वर्षीय मुर्शीद आ. जबर खान व एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल करते हुए मवेशियों को बूचड़खाना लेकर जाने की बात कही। पुलिस ने मामले में आरोपियों को कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10 व पशुओं के प्रति कुरता निवारण अधि. 1960 की धारा 11 डी के तहत गिरफ्तार किया गया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर से उनि दिलीप दुबे, सउनि सुभाष ठाकुर, प्रधान आरक्षक अमित सिंह, आरक्षक कुंदन पाण्डेय, घनश्याम देवांगन सक्रिय रहे।



## शहर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, गिरजाघर में किए गए विभिन्न अनुष्ठान

# मसीही समाज ने भक्तिभाव से मनाया पॉम सण्डे, हुई विशेष प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मसीही समाज द्वारा पॉम सण्डे का दिन भक्तिभाव से मनाया गया। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। खजूर रविवार के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

बता दें कि चालीस दिवसीय उपवास के अंतिम चरण पूण्य सप्ताह की शुरुवात के दिन अम्बिकापुर के नवापारा स्थित बेदाग ईश माता महागिरिजघर में रोमन कॉथलिक मसीहियों ने प्रभु येसु के येरूसलम प्रवेश की याद में खजूर रविवार (पॉम सण्डे) मनाया। इस अवसर एक शोभायात्रा भी निकाली गई। 29 मार्च को सुबह 6 बजे से महागिरिजाघर में सर्व प्रथम खजूर की डालियों की अशीष प्रार्थना सरगुजा धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप डॉ अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में सम्पन्न हुई। अशीष प्रार्थना के बाद खजूर डालियां हाथ में लेकर मसीहीजन महागिरिजाघर प्रांगण से सेन्ट जेवियर स्कूल प्रांगण बीएड कालेज से होकर वापस महा गिरिजाघर पहुंचे। गिरिजाघर में फिर प्रार्थना सभा, समारोही मिस्सा बलिदान धार्मिक अनुष्ठान बिशप अंतोनिस बड़ा के नेतृत्व में फादर विलियम उर्रे पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर ने संयुक्त रूप से सम्पन्न कराया। विदित हो कि अपनी मृत्यु पूर्व प्रभु येसू ने एक विजयी राजा के समान येरूसलेम में प्रवेश किया था। येरूसलेम की जनता ने प्रभु येसु के प्रवेश पर भव्य स्वागत किया था। स्वागत में अमीरो ने कपड़े आदि राह में व गरिबों ने पेड़ो की पत्तीयों जैतुन की डालियां व हाथ में खजूर की डालियां लहराते हूए अपने राजा का भव्य स्वागत किया था।

आज के दिन से पुण्य सप्ताह की भी शुरुवात हो जाती है। इस अवसर पर अपने संदेश में बिशप ने कहा कि खजूर रविवार से लेकर क्रूस मरण और पुनरुत्थान की यह यात्रा हमें सिखाती है कि हमारी आत्मा का उद्धार किसी के चमत्कार में नहीं बल्कि एक नम्र और त्यागी राजा के बलिदान से हुआ है हर मनुष्य के जीवन में एक येरूसलम होता है जहां मसीह प्रवेश करना चाहता है लेकिन वह ना तो जोर से दरवाजा खटखटाता है ना ही जबरदस्ती करता है वह केवल पूछता है क्या मैं अंदर आ सकता हूं अब यह हम पर निर्भर करता है कि हम उसका स्वागत करते हैं या नहीं। इस दौरान पवित्र बाइबल पाठ का वाचन डॉ.अजय तिर्की व श्रीमती सरिता मिंज ने किया। कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीत संगीत की प्रस्तुति महुआपरा के विश्वासियों द्वारा की गई। इस दौरान फ़ादर ज्ञान, फादर थेओदोर लकड़ा, फादर जॉन जयसवाल कुजूर, फादर संतोष, पंकज कुजूर, काथलिक सभा महिला संघ, युवा संघ के पदाधिकारी, होलीक्रास सिस्टर्स, उर्सू लाईन सिस्टर्स, संत अन्ना सिस्टर्स सहित बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद रहे।



### वाहन की टक्कर से घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** बोदरा चौक के समीप बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम करवां निवासी राम सिंह मरकाम आ. जगेश्वर मरकाम (56 वर्ष) बाइक से जा रहा था और जैसे ही लटोरी बोदरा चौक के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लटोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की गंभीर हालत को देख प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खबर संक्षेप



### रामचरित मानस गायन-वादन प्रतियोगिता प्रारंभ

**भैयाथान।** ग्राम पंचायत गोविंदगढ़ में छत्तीसगढ़ मानस संगठन द्वारा आयोजित श्रीरामचरित मानस गायन-वादन प्रतियोगिता महासम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भटगांव विधायक व मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे ठाकुर प्रसाद राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रथम दिवस 19 मंडलियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्री राजवाड़े ने श्री रामचंद्र के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्हें मानस संगठन के लिए ससम्मान संरक्षक पद पर स्व-नियुक्त किया गया। ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने श्रीरामचरितमानस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संस्कार, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बलिराम यादव ने किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, सरपंच राजकुमारी, उप सरपंच उपेंद्र सिंह, शांतनु गोयल, शिव पांडेय, अभय गुप्ता, रूपेंद्र कुशवाहा, नेहा सिंह, रमेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नगर में नि:शुल्क योग कक्षा का संचालन 2 अप्रैल से

**रामानुजगंज।** पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा समिति अशोकनगर मध्यप्रदेश द्वारा नगर में पुनः नियमित निशुल्क योग कक्षाओं का शुभारंभ किया जा रहा है। यह पहल डॉ. पवन सिंघल द्वारा स्थापित संस्था के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है। योग कक्षाएं प्रातः 5 बजे से 7.15 बजे तक आयोजित की जाएंगी। रविवार एवं विशेष अवसरों पर समय बढ़ाकर 7.30 बजे तक रखा जाएगा। इन कक्षाओं का नियमित संचालन करुणा गुप्ता ग्वालियर द्वारा ऑनलाइन किया जाएगा। नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित प्राचीन राम मंदिर में 2 अप्रैल से योग कक्षा का शुभारंभ योग गुरु ज्ञानेंद्र बाजपेई एवं आरती वाजपेई के नेतृत्व में होगा। इस आयोजन में नगर के बड़ी संख्या में नागरिकों के सम्मिलित होने की संभावना है। इस संबंध में पार्षद सुमित गुप्ता, योग साधक आलोक गुप्ता, अमित गुप्ता एवं अरविंद गुप्ता ने बताया कि पूर्व में भी राम मंदिर में नियमित रूप से योग कक्षाएं संचालित होती थीं, जो कुछ समय के लिए बंद हो गई थीं। अब पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निशुल्क योग शिविर में महिलाएं, पुरुष, बच्चे एवं बुजुर्ग सभी भाग ले सकते हैं।

### महामाया मंदिर परिसर में किया गया गरबा



**राजपुर।** मां महामाया महिला सेवा समिति द्वारा शनिवार को मां महामाया मंदिर परिसर में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। शाम 6 बजे से आयोजित गरबा महोत्सव में मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा एक ही थीम की साड़ी पहनकर सामूहिक रूप से गरबा प्रस्तुत थी। पारंपरिक परिधान में सजी महिलाओं ने गरबा नृत्य, देवी, भक्ति गीतों पर तालबद्ध नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन समिति की सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच प्रदान करना और समाज में आपसी सद्भाव एवं सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के लिए अनुशासन और परंपरागत गरबा शैली का विशेष ध्यान रखा गया। उपस्थित दर्शकों ने भी तालियों से महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। मां महामाया मंदिर परिसर में आयोजित इस गरबा महोत्सव ने न केवल सांस्कृतिक वातावरण को जीवंत किया, बल्कि महिलाओं के उत्साह और एकजुटता का भी सुंदर संदेश दिया।

## हेल्थ प्लस

### शहर के डॉ.चन्दन दुबे बने न्यूरो सर्जन

**अम्बिकापुर।** शहर के डॉ. चन्दन दुबे ने आईपीजीएमईआर एवं एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कोलकाता से न्यूरो सर्जरी की डिग्री हासिल कर शहर तथा संभाग को गौरवान्वित किया है। हाल ही में डॉ. चंदर दुबे एनएससीबी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर से न्यूरो एंडोस्कोपी, ब्रेन एंड स्पाइन में फ़ेलोशिप की डिग्री भी हासिल की है। डॉ. चन्दन दुबे ने एमबीबीएस की पढ़ाई एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर तथा एमएस सर्जरी की पढ़ाई रायपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज से पूरी की थी। विदित हो कि डॉ. चंदन दुबे के बड़े भाई डॉ.अनुरंजन दुबे एमएस ऑर्थो अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज में एसोशिएट प्रोफेसर हैं, भाभी डॉ.अंजलि दुबे रेडियोलॉजिस्ट है तथा बड़ी बहन डॉ. अक्षरा दुबे एमडी आयुर्वेद हैं।



## सीएम हुए भक्त माता कर्मा जयंती के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शामिल

# प्रदेश को देश में सर्वोच्च स्थान दिलाने में साहू समाज की रहेगी अहम भूमिका : विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

रविवार को जिले में भक्त माता करमा जयंती के अवसर पर प्रदेश स्तरीय महोत्सव का आयोजन किया गया। छग प्रदेश साहू संघ व सरगुजा संभाग साहू समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने रिंग रोड स्थित भक्त माता कर्मा चौक पर विधिवत पूजा अर्चना कर व मां कर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सीएम ने माता कर्मा को नमन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

**खास बात**
- समाज के जमीन पर बाउंड्री वाल के लिए 25 लाख की घोषणा

कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सीएम श्री साय ने कहा कि साहू समाज एक अत्यंत गौरवशाली समाज है। भक्त माता कर्मा, माता राजिम दाई व दानवीर भामाशाह जैसी महान विभूतियां इसी समाज की देन हैं। सीएम श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद था। केरल से भी बड़े भू-भाग वाला बस्तर क्षेत्र 40 वर्षों से अधिक समय तक नक्सल हिंसा से ग्रस्त रहा, जहां न सड़क थी, न बिजली, न पानी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प तथा हमारे वीर जवानों के साहस से आज नक्सलवाद समाप्ति की कगार पर है। 400 से अधिक गांवों को मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है। वहां सड़कें बन रही हैं, बिजली पहुंच रही है, स्कूल और अस्पताल खुल रहे हैं। नक्सलवाद के पूर्ण अंत के बाद बस्तर विकास की नई उंचाइयां छुएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान ने छत्तीसगढ़ को प्राकृतिक संपदा, उर्वर भूमि और मेहनतकश लोग दिए हैं। छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया इसी भावना के साथ हम सबको मिलकर इस प्रदेश को देश में सर्वोच्च स्थान दिलाना है। इसमें साहू समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होने कहा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए साहू समाच हमेशा से कदम मिलाकर चल रहा और चलता रहेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने साहू समाज के लिए छात्रावास या सामाजिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये तथा साहू के जमीन में बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 25 लाख रूपए की घोषणा की। महोत्सव में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक भूलन सिंह मरावी, बैकुण्ठपुर विधायक भैयालाल रजवाड़े, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, कसडोल संदीप साहू, निरेंद्र साहू, रामकृपाल साहू, लल्लू साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, साहू समाज के सदस्य, संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री व अन्य जनप्रतिनिधि।

### माता कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को बढाएं आगे

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने संबोधन में साहू समाज की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज ने सदियों से अपने परिश्रम और समर्पण से प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उन्होने कहा इस गौरवशाली परंपरा को समाज के सामने गर्व के साथ रखा जाना चाहिए। हम माता कर्मा जयंती इसलिए मनाते हैं ताकि माता कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाया जा सके। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का वास्तविक निर्माण संभव है। उन्होंने समाज के विकास के लिए शिक्षा, संगठन और सामाजिक अनुशासन को आवश्यक बताया। इन्हीं तीन सूत्रों को अपनाकर हम एक सशक्त और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारियों ने माता कर्मा के जीवन, समरसता और भक्ति के संदेश को विस्तार से प्रस्तुत किया।

# पत्नी की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने वाला पति ही निकला आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



महिला की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। हैरानी की बात तो यह है कि आरोपी कोई और नहीं बल्कि थाने में पत्नी की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने वाला पति ही निकला। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां उसे उसे जेल भेज दिया गया है।

- आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार ग्राम तारकेश्वरपुर निवासी अलमा प्रजापति ने पुलिस चौकी सलका उमेश्वरपुर में 4 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 3 मार्च की सुबह अपने पड़ोसी के साथ सामान लेने कार से खडगवां रतनपुर गया था। घर में पत्नी लीलावती अकेली थी। बैकुंठपुर तरफ से रात्रि में वापस घर पहुंच कर देखा कि पत्नी लीलावती पलंग के नीचे जमीन पर मुंह के बल लेटी थी। पत्नी शराब के नशे में जमीन पर मुंह के बल लेटने की आंशका पर उसे नहीं उठाया। दूसरे दिन सुबह अपनी पत्नी को उठा कर देखा तो उसकी मृत्यु हो गई थी जिसके चेहरे चोट लगा था। घटना कि सूचना पड़ोसियों को दिया। पत्नी की मृत्यु अज्ञात कारणो से होने की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच में यह बात सामने आई कि अलमा प्रजापति दूसरी महिलाओं से बातचीत करता था जिस कारण उसकी लीलावती उसके चरित्र पर शंका कर बातचीत करने से मना करती जिससे दोनों में झगड़ा विवाद होता था और अलमा अपनी पत्नी को मारपीट भी करता था। मृतिका के पीएम रिपोर्ट व मर्ग जांच उपरान्त पुलिस ने धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। चौकी सलका उमेश्वरपुर पुलिस द्वारा पाए गए तथ्यों के आधार पर संदेही अलमा प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ पर उसने बताया कि पत्नी दूसरी महिलाओं से बातचीत करने का आरोप लगाकर झगड़ा विवाद करती थी मना करने पर भी नहीं मानती थी। 3 मार्च की रात बैकुंठपुर तरफ से घर आने पर पत्नी द्वारा पुनः चरित्र पर शंका कर विवाद करने से आक्रोशित होकर हाथ-पैर, प्लास्टिक पाइप, चाकू से मारपीट कर उसकी हत्या कर दिया। पत्नी की हत्या के मामले में फंसने से बचने के लिए पुलिस चौकी में जाकर मनगढ़ंत रिपोर्ट लिखवाना बताया। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू, पाइप जब्त कर आरोपी अलमा प्रजापति आ. स्व. पीलाराम (54 वर्ष) गिरफ्तार कर लिया। मामले में गिरफ्तार आरोपी चौकी क्षेत्र का गुण्डा बदमाश भी है।

# मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर उत्पात मचा रहे दो बाइकर्स गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज रफ्तार के साथ नगर में आतंक मचा रहे दो युवकों को पुलिस ने बाइक समेत गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने नियम विरुद्ध मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर बाइक चला रहे दोनों युवकों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

- थाने के सामने भी मचाया आतंक, पीछा कर पुलिस ने धर दबोचा



प्राप्त जानकारी अनुसार बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर कानफोड़ू आवाज के साथ नगर में दो युवक काफी तेज रफ्तार से बाइक दौड़ा रहे थे। नियम विरुद्ध बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर की वजह से जहां नगर में ध्वनि प्रदूषण होने लगा था वहीं तेज रफ्तार की वजह से सड़क में दुर्घटना की आशंका बढ़ गई थी। हद तो तब हो गई जब शहर में रफ्तार का आतंक मचा रहे युवक थाने के सामने साइलेंसर से पटाखे की आवाज निकालने लगे। यह बात पुलिस को नागवार गुजरी और पुलिस ने बाइक सवारों का पीछा करते हुए उन्हें ग्राम रजौटी से धर दबोचा। गिरफ्तार दोनों युवकों ने शराब पी रखी थी और काफी नशे में थे। पुलिस ने दोनों युवकों को बाइक समेत गिरफ्तार कर थाने ले आई। थाने में पूछताछ के दौरान दोनों युवकों ने अपना नाम रवि लकड़ा आ. मंगड़े लकड़ा 21 वर्ष पकरीपारा आरा एवं बिगन बड़ा आ. गुड़ा बड़ा 21 वर्ष कदमपारा पेटला निवासी बताया।

गिरफ्तार युवकों के पास न तो बाइक के वैध दस्तावेज थे और न ही ड्राइविंग लाइसेंस था। जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3)के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर बाइक चलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जायेगी।

# रज़ा यूनिटी फाउंडेशन ने 200 से अधिक नन्हे रोजेदार बच्चों को किया सम्मानित

**लखनपुर।** रज़ा यूनिटी फाउंडेशन द्वारा नन्हे रोज़ेदार का एक बेहद रूहानी, अनुशासित और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन न सिर्फ बच्चों के हौसले को बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि समाज में दीन, सब्र, इबादत और अख़लाक़ का खूबसूरत पैगाम भी पेश करता नजर आया।

रमजान मुबारक महीने में छोटे-छोटे बच्चे भी पूरे जज्बे के साथ रोज़ा रखकर रज़ा हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे ही नन्हें रोजेदारों की हौसला अफजाई के लिए एक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक शहज़ेब अंसारी, रकीब अंसारी, रकीब गुलज़ार, अताउल्लाह खान एवं गुलाम मुस्तफा ने पूरे समर्पण के साथ किया। इस अवसर पर संगठन के आलम रज़वी, गुलाम मुस्तफा शमीमी, ताहिर हुसैन, मो.असलम सहित अन्य पदाधिकारी क के अलावा शहर के सम्मानित शफी अहमद खान, इरफ़ान सिद्दीकी, हाजी अख्तर चम्मा, पार्षद बाबर इदरीसी, सैयद अशफाक अली एवं अन्य नागरिकों ने कार्यक्रम में शिरकत कर बच्चों का हौसला बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए दुआएं कीं। कार्यक्रम के दौरान 200 से अधिक नन्हे रोजेदार बच्चों को सम्मानित कर उन्हें सर्टिफिकेट और तोहफा से नवाज़ा गया।



# कुश्ती दंगल में खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण और रजत पदक

**अम्बिकापुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के अंतर्गत सरगुजा जिले के अम्बिकापुर के गांधी स्टेडियम में आयोजित कुश्ती स्पर्धा के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को पदक प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में प्रमुख मुकाबले में फाइनल राउंड में सीनियर 50 किलोग्राम महिला में झारखंड की पूनम ओरांव ने तेलंगाना की के. गीता को 6-3 से हराया। महिला सीनियर 62 किलोग्राम भारवर्ग में हिमाचल की प्रियंका चौधरी ने असम की देबी दैमारी को 11-0 से हराया। ग्रीको रोमन सीनियर 67 किलोग्राम भारवर्ग में झारखंड के अंजीतकर मुंडा ने गुजरात के वसावा मुकेशभाई को 9-0 से हराया। 97 किलोग्राम भारवर्ग में हिमाचल प्रदेश के नवीश कुमार ने जम्मू कश्मीर के शमा हुन को 8-0 से हराया। पुरुष फ्रीस्टाइल सीनियर में 74 किलोग्राम भारवर्ग में जम्मू कश्मीर के मुनैर हुसैन ने महाराष्ट्र के विक्रम साहेबराव पवार 11-1 से हराया। पदक प्राप्त करने वालों में आज सीनियर 50 किलोग्राम महिला में झारखंड की पूनम ओरांव ने गोल्ड, तेलंगाना की के. गीता ने सिलवर, झारखण्ड की चंचला कुमारी एवं असम की रूपतालिन ने कांस्य पदक जीता। महिला सीनियर 62 किलोग्राम भारवर्ग में हिमाचल की प्रियंका चौधरी ने गोल्ड, असम की देबी दैमारी ने सिल्वर, मध्यप्रदेश की चांदनी नरेती एवं असम की अनिशा बासुमातारी ने कांस्य पदक जीता।

- खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दौरान दिखा उत्साह



इसी प्रकार पुरुष वर्ग में ग्रीको रोमन सीनियर 67 किलोग्राम भारवर्ग में झारखंड के अंजीतकर मुंडा को गोल्ड, गुजरात के वसावा मुकेशभाई को सिल्वर, असम के आकाश करदोंग एवं हिमाचल प्रदेश के अक्षय कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। 97 किलोग्राम भारवर्ग में हिमाचल प्रदेश के नवीश कुमार ने गोल्ड, जम्मू कश्मीर के शमा हुन ने सिल्वर, हिमाचल प्रदेश के साहिल चौधरी ने कांस्य पदक जीता। फ्रीस्टाइल सीनियर में 74 किलोग्राम भारवर्ग में जम्मू कश्मीर के मुनैर हुसैन को गोल्ड,महाराष्ट्र के विक्रम साहेबराव पवार को सिल्वर एवं हिमाचल प्रदेश के अंकुश कुमार एवं कर्नाटक अम्रुत फक्कीरप्पा ने कांस्य पदक जीता। फ्रीस्टाइल सीनियर में 125 किलोग्राम भारवर्ग में महाराष्ट्र के विनोद यशवंत सलाकार को गोल्ड,राजस्थान के अमित कुमार मीना को सिल्वर एवं हिमाचल प्रदेश के हरपाल सिंह ने कांस्य पदक जीता।

### पूनम उरांव ने रचा इतिहास

सरगुजा में आयोजित हो रहे देश के पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में झारखंड की बेटी पूनम उरांव ने स्वर्णिम सफलता हासिल की है। चतरा जिले की रहने वाली और उरांव जनजाति का गौरव बढ़ाने वाली पूनम ने 50 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्ती स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पूनम की यह जीत केवल एक पदक नहीं, बल्कि उनके अदम्य साहस और धैर्य की कहानी है। वर्ष 2019 में दिल्ली नेशनल के दौरान लगी गंभीर चोट के कारण पूनम को लंबे समय तक रिंग से दूर रहना पड़ा था। मांसपेशियों पर 'टेपिंग' के बावजूद, उन्होंने अखाड़े में अपने प्रतिद्वंद्वियों को अपनी तकनीक और मानसिक दृढ़ता से परास्त किया। पूनम ने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह मेरे लिए एक भावुक क्षण है। 8 साल के लंबे अंतराल और चोट के संघर्ष के बाद, इस पहले ट्राइबल गेम्स में गोल्ड जीतना मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व की बात है। रांची के खेलगांव में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही पूनम एक साधारण किसान परिवार से आती हैं। उनके पिता ने ही उन्हें कुश्ती के ट्रायल्स के लिए प्रोत्साहित किया था। उनका अगला लक्ष्य छत्तीसगढ़ में ही आयोजित होने वाले 'जूनियर नेशनल्स' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है, ताकि वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा लहरा सकें।

### मोबाइल दुकान से चोरों ने पार किया 30 हजार नगद व सामान

**अम्बिकापुर।** बलंगी बाजार स्थित श्याम मोबाइल में बीती रात चारों ने दुकान का सीमेंट सीट का छप्पर तोड़कर महंगे मोबाइल और एसेसरीज को पार कर दिया। दुकानदार श्याम कुशवाहा ने बताया कि चोरी में लगभग 30 हजार रूपए नगद, मोबाइल व सामान गायब हुआ है।घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब दुकानदार श्याम कुशवाहा ने दुकान खोला। दुकान का सामान बिखरा था तथा छत की सीट टूटी हुई थी। व्यवसाई ने तत्काल चोरी की सूचना पुलिस को दी। घटना से लोगों में डर का माहौल है। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। श्याम कुशवाहा ने बताया कि उसकी दुकान में चोरी की यह चौथी घटना है। चोर बार-बार एक ही दुकान को अपना निशाना बना रहे है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## पेज 1 के शेष...

### आज से शुरू होगी दिल्ली के लिए...

नहीं हो सकी। महीनों तक फ्लाइट का संचालन बंद रखने के बाद फ्लाई बिग ने खुद ही इस रूट से किनारा कर लिया तथा फ्लाइट का संचालन बंद कर दिया। पिछली दिवाली के दिन फ्लाई बिग की अंतिम फ्लाइट रायपुर के लिए उड़ान भरी थी जिसके बाद मां महामाया एयरपोर्ट से नियमित उड़ान सेवा बंद है। इस बीच कई बार पुनः हवाई सफर की सेवा प्रारंभ करने एवं महानगरों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने की मांग उठती रही। लम्बे इंतजार एवं विमानन विभाग के अधिकारियों की लगातार मशक्कत के बाद एलाइंस एअर दिल्ली एवं कोलकाता के लिए सप्ताह में दो दिन एटीआर 72 प्लेन चलाने के लिए राजी हुई। फरवरी के महीने में एयरलाइंस के अधिकारियों ने मां महामाया एयरपोर्ट में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा भी लिया था। एलाइंस एयर भारत सरकार के स्वामित्व वाली एयरलाइन है तथा देश के विभिन्न राज्यों में फ्लाइट का संचालन करती है। एलाइंस एयर की फ्लाइट से क्षेत्रवासियों को गुणवत्तायुक्त हवाई सफर की सुविधा मिलेगी।

# भाजपा का नियमित कार्यक्रम है प्रशिक्षण वर्ग : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सरस्वती शिशु मंदिर चांदो में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत चांदो मण्डल की प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में विधानसभा सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा शामिल हुई और कार्यकर्ताओं के साथ समय बिताया।

- चांदो मण्डल की प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए विधायक उद्धेश्वरी पैकरा

इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि प्रशिक्षण भाजपा की नियमित प्रक्रिया है,जो कार्यकर्ताओं को और प्रखर बनाते हैं। भाजपा का ध्येय वाक्य राष्ट्र सेवा और जन सेवा है। उन्होंने कहा कि भाजपा निरंतर कार्य करने वाली पार्टी है,जो सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ संगठनात्मक कार्यों को भी समयबद्ध ढंग से पूरा करती है। श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए शासन के जनकल्याण कारी योजनाओं को जानकारी देते हुए अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सदैव सक्रिय भूमिका में रहते हैं और संगठन द्वारा दिए गए कार्यों को प्रदेश स्तर से लेकर मण्डल स्तर तक और बूथ स्तर तक पहुंच कर उन कार्यों का विस्तार करते हैं। प्रशिक्षण कार्यशाला में द्वितीय सत्र को वैचारिक अधिष्ठान के रूप भाजपा जिला मंत्री एवं जनपद अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह ने किया, तृतीय सत्र में भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने भाजपा का इतिहास एवं विकास पर अपना उद्बोधन दिए, चतुर्थ सत्र में भाजपा जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित ने भाजपा के कार्य पद्धति पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस दौरान शिवशंकर शुक्ला, सत्यनारायण गुप्ता, श्यामू सिंह, विकास मंडल, सतीश भगत, अभिषेक गुप्ता, सोनू गुप्ता, विकास यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411